**SHIR LAL BAHADUR SHASTRI RASHTRIYA SANSKRIT VIDYAPEETHA**
**OFFICE OF THE VICE-CHANCELLOR**
**NEW DELHI-110 016**

No.SLBSRSV/VCO/01/2010/3298 January 19. 2010

## MEETING NOTICE

A meeting of the following will be held under the chairmanship of Hon'ble Vice-Chancellor in the Conference Room of the Saraswat Sadhana Sadan, SLBSRS Vidyapeetha on 19th January, 2010 at 4.00 P.M. regarding the *Internal Quality Assurance*. Please bring the relevant documents.

All concerned are requested to kindly make it convenient to attend the meeting.

1. Prof. Usha Rani Kapoor, Dean, Fac. of Education
2. Prof. Laxmishawar Jha, Dean, Fac. of Ved Vedang
3. Prof. Sukhdev Bhoi, Dean, Fac. of Sahitya & Sanskriti
4. Prof. Ramamani, Dean, Fac. of Dharsan
5. Prof. R.K. Pandey, Head, Res. & Publications
6. Prof. P.K.Dixit, Head, Dept. of Mimamsa & Nyaya Vaisheshik
7. Prof. Neena Dogra, Dept. of Dharm Shastra
8. Prof Shashi Prabha Jain

P. Manoharan
Private Secretary
to the Vice-Chancellor

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ का प्रथम उपवेशन श्रद्धेय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.01.2010 को अपराह्न 04.00 बजे सम्पन्न हुआ । इस उपवेशन में आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (इण्टरनल क्वालिटी एशोरेंस सेल) के अधोलिखित सदस्य उपस्थित हुए :--

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 वाचस्पति उपाध्याय | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 लक्ष्मीश्वर झा | सदस्य |
| 3. | प्रो0 नीना डोगरा | सदस्या |
| 4. | प्रो0 उषारानी कपूर | सदस्या |
| 5. | प्रो0 रमेश कुमार पाण्डेय | सदस्य |
| 6. | प्रो0 एस.एन. रमामणि | सदस्या |
| 7. | प्रो0 शुकदेव भोई | सदस्य |
| 8. | डॉ0 दिनेश | सदस्य |
| 9. | डॉ0 शिवदत्त त्रिपाठी | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पीयूषकान्त दीक्षित | सदस्य सचिव |

अध्यक्ष, श्रद्धेय कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन -प्रकोष्ठ के उद्देश्य एवं क्रियान्वन पक्ष पर सदस्यों के विचार आमंत्रित किये । कुलपति महोदय ने आरम्भ में सदस्यों का पांच विचारणीय बिन्दुओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया तथा अध्यापन कार्य हेतु शिष्यहितावहा पद्धति के निर्माण पर बल देने का आग्रह किया ।

सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत पांच बिन्दुओं पर व्यक्त किये तथा समयचक्र के सविधि अनुपालन के क्रम में विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष के क्रम से प्रतिदिन सायं 05.00 बजे तक सभी छात्रों की उपस्थिति कुलपति कार्यालय में कुलपति जी के निरीक्षणार्थ प्रस्तुत की जाए, यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया । कक्षाओं का समयचक्र के अनुसार संचालन हो रहा है या नहीं, एतदर्थ कक्षाओं के आकस्मिक परीक्षण हेतु कुलपति महोदय ने प्रति संकाय एक समिति का गठन किया तथा इस समिति द्वारा नियमित कक्षाओं के निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया ।

सभी संकायाध्यक्षों से अध्यक्ष महोदय ने निवेदन किया कि वे इन सभी बिन्दुओं पर अपने-अपने संकाय में विभागाध्यक्षों का एक उपवेशन करें तथा लिए गये निर्णयों पर विचार-विमर्श पूर्वक उनकी पूर्ण सहमति एवं सहयोग प्राप्त करें ।

आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ की भूमिका 'नेक' द्वारा भविष्य में सम्पन्न होने वाले विद्यापीठ के प्रत्यायन (एक्रीडिटेशन) के संदर्भ में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है । फलत: इस प्रकोष्ठ की बैठकें हर पन्द्रह दिन के अन्तराल पर नियमित रूप में आयोजित हो तथा आन्तरिक गुणवत्ता की दृष्टि से हम आधिकारिक रूप से आश्वस्त हो सकें यह संस्था के भविष्य एवं अपेक्षित विकास की दृष्टि से अत्यन्त अनिवार्य है । सदस्यों ने शास्त्रीय अध्ययन-अध्यापन में शास्त्रांतर के सन्निवेश की आवश्यकता पर भी बल दिया तथा इस दिशा में गम्भीरता से विचार करना अनिवार्य माना ।

आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ अपने कार्य में सफल होगा तथा गुणवत्ता की दृष्टि से विद्यापीठ का स्तरोन्नयन होगा इस आशा के साथ यह उपवेशन परिपूर्ण हुआ।

| | | |
|---|---|---|
| ( लक्ष्मीश्वर झा ) | ( उषारानी कपूर ) | ( रमेश कुमार पाण्डेय ) |
| ( पीयूषकान्त दीक्षित ) | ( नीना डोगरा ) | ( एस.एन. रमामणि ) |
| ( शुकदेव भोई ) | ( दिनेश ) | ( शिवदत्त त्रिपाठी ) |

( वाचस्पति उपाध्याय )

Tel. Ph.: 011-46060605

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

( मानित विश्वविद्यालय )

कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha**

**(Deemed to be University)**

Qutub Institutional Area, New Delhi- 110016

पत्र संख्या-लाबशा./२००९-२०१०/ दिनांक : २३.०२.२०१०

आदरणीय/आदरणीया,

"आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ" की प्रथम बैठक कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 19.01.2010 को अपराह्न 04.00 बजे सम्पन्न की गई थी, जिसमें सभी संकायाध्यक्षों से आग्रह किया गया था कि वे अपनी-अपनी संकाय में विभागाध्यक्षों का एक उपवेशन करें तथा लिये गये निर्णयों पर विचारपूर्वक क्रियान्वयन हेतु उनकी सहमति एवं सहयोग प्राप्त करें ।

इस संबंध में माननीय कुलपति महोदय ने दिनांक 26.02.2010 को पूर्वाह्न 11.00 बजे संकायप्रमखों एवं विभागाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की है । इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

आपसे अनुरोध है कि इस बैठक में दिनांक 19.01.2010 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयानुसार किये गये कार्यों का विवरण भी साथ में लाने का कष्ट करें ।

यह सूचना माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार जारी की जा रही है ।

(प्रमोद चतुर्वेदी)

निजी सहायक, कुलपति